## भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 14 सितम्बर से 19 सितंबर, 2020 तक "हिंदी सप्ताह" का आयोजन किया गया

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" का आयोजन 14 सितम्बर, से 19 सितम्बर, 2020 तक मनाया गया। इस अवसर पर 14 सितम्बर 2020 को "हिंदी सप्ताह" के उद्घाटन के अवसर पर ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम और विभागाध्यक्षों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम आरंभ किया, रा. कृ. की. सं. ब्यू., बेंगलूरु के सभी कर्मचारियों को "हिंदी सप्ताह" के आयोजन पर डॉ. एन. भक्तवत्सलम ने शुभकामनाएं दी। निदेशक महोदय ने कहा कि आप सभी को मालूम ही है, कि भारत-वर्ष की संविधान सभा द्वारा हिंदी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था और देश के अधिकांश क्षेत्रों के वर्ग द्वारा बोली और समझी जाती है। राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ और व्यापक बनाने में भाषा सदैव से एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी रही है। हमारी जो भाषा होती वह केवल बोलचाल और काम-काज का माध्यम ही नहीं है बल्कि हमें एक सूत्र में बांधने का काम भी करती है। देश में आप कहीं भी जायें तो हम देखते हैं कि सभी क्षेत्रों में हिंदी समझने वाले मिल जाते हैं। राजभाषा हिंदी का प्रयोग एक संवैधानिक आवश्यकता है और यह प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है कि वे सरकारी कामकाज में इसका प्रयोग करें।

ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम ने, रा. कृ. की. सं. ब्यू., बेंगलूरु के सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि "हिंदी सप्ताह" के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसेकि –आशुभाषण, हिंदी गायन, हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण एवं ड्राफ्टिंग, आदि में सक्रिय रूप से भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएँ।

इस कार्यक्रम में श्री सतेंद्र कुमार ने माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर ब्यूरो को प्राप्त संदेश को सभागार में कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया।

"**हिंदी सप्ताह**" **के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए-**










**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी सप्ताह” आयोजन का  उद्‌घाटन**

**"हिंदी सप्ताह" के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए-**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" का आयोजन 14 सितम्बर, से 19 सितम्बर, 2020 तक किया गया। इस अवसर पर 15 सितम्बर 2020 को "**हिंदी आशुभाषण**" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता से पहले माननीय महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.) एवं सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) डॉ. त्रिलोचन महापात्र जी द्वारा "हिन्दी दिवस-2020" के अवसर पर विडियो के माध्यम से जारी की गई अपील को ब्यूरो के कर्मचारियों/अधिकारियों को दिखाया गया। इस अवसर पर ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम, विभागाध्यक्षों और सभी कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। तदोपरांत "**हिंदी आशुभाषण**" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




**"हिंदी आशुभाषण" प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" के दौरान 16 सितम्बर 2020 को "**हिंदी निबंध लेखन**" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हिंदीतर और हिंदी भाषी वर्गों के लिये अलग-अलग आयोजत की गई।



**"हिंदी निबंध लेखन" प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" के दौरान 18 सितम्बर 2020 को "टिप्पणी और आलेखन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**"टिप्पणी और आलेखन" प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" के दौरान 19 सितम्बर 2020 को "हिन्दी गायन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



"**हिंदी गायन**" **प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" के दौरान 14 से 19 सितम्बर 2020 तक आयोजित प्रतियोगियों को हिन्दी सप्ताह समापन कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए निदेशक महोदय, डॉ. एन.

भक्तवत्सलम ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और ब्यूरो में "हिंदी सप्ताह" के सफल आयोजन के लिए सभी कर्मचारियों के सहयोग करने और सक्रिय भाग लेने के लिए बधाइयाँ दी।

इस कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार की घोषणा की गई और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। "**हिंदी आशुभाषण**" प्रतियोगिता के विजेताओं (प्रथम पुरस्कार - श्री मलय बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी, द्वितीय पुरस्कार- डॉ. राघवेंद्र ए., वरिष्ठ तकनीकी सहायक तथा तृतीय पुरस्कार- श्रीमती नाज़िया अंजुम, वरिष्ठ लिपिक); "**हिंदी निबंध लेखन**" प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषियों के लिए) के विजेताओं (प्रथम पुरस्कार - श्री पी. सोनकुसरे, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, द्वितीय पुरस्कार- श्रीमती नाज़िया अंजुम, वरिष्ठ लिपिक तथा तृतीय पुरस्कार- श्रीमती पी. अनिता, कनिष्ठ लिपिक); "**हिंदी निबंध लेखन**" प्रतियोगिता (हिंदी भाषियों के लिए) के विजेताओं (प्रथम पुरस्कार - श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी, द्वितीय पुरस्कार- डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, वैज्ञानिक तथा तृतीय पुरस्कार- श्री मलय बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी); "टिप्पणी और आलेखन" प्रतियोगिता के विजेताओं (प्रथम पुरस्कार - श्री मलय बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी, द्वितीय पुरस्कार- श्रीमती नाज़िया अंजुम, वरिष्ठ लिपिक तथा तृतीय पुरस्कार- श्री मारुति महंत, तकनीकी सहायक) तथा "**हिंदी गायन**" प्रतियोगिता के विजेताओं (प्रथम पुरस्कार - डॉ. विरेश कुमार, द्वितीय पुरस्कार- डॉ. राघवेंद्र ए., वरिष्ठ तकनीकी सहायक तथा तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से - निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम और श्री मलय बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी) निदेशक महोदय के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए।



**निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए।**



**निदेशक महोदय, डॉ. एन. भक्तवत्सलम और विभागाध्यक्षों के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए।**





विभागाध्यक्षों के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए।





राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी सप्ताह" आयोजन

इस समारोह का संचालन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया तथा डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, वैज्ञानिक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।